THE MINISTRY OF INDUSTRY (SHRI P. NAMGYAL): (a) Proposals/requests are received from various Quarters from time to time, for incease in domestic production of various petro-chemical items and also creation of additional new capacities for production of raw materials to meet the growing demand for petro-chemicals.

(b) to (d) A 3,00,000 TPA of Gas Cracker is under implementation by Indian Petro-chemical Corporation Limited at Nagothane in the State of Maharashtra. In addition a letter of intent has been granted to set up a Cracker at Hazira, in the State of Gujarat. Some more Crackers are envisaged during the VIIIth Plan period.

मथुरा तेल शोधक कारखाने के टैंक से रिसाव

1494. **श्रीमती सत्या बहिन:** क्या **पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि मथुरा तेल शोधक कारखाने के अंतर्ज्वलनशील टैंक नं. 281 से रिसाव की सूचना उनके मंत्रालय को दिसम्बर, 1987 से दी जाती रही है;

(ख) क्या इस टैंक से रिसाव की शिकायत को दूर किया जा चुका है और यदि हां, तो कब; और

(ग) इस शिकायत को दूर करने में विलम्ब के क्या कारण हैं?

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री ब्रह्म दत्त): (क) से (ग) मथुरा रिफाइनरी में कोई भी टैंक नं. 281 नहीं है। तथापि, ईंधन तेल के लिए प्रयुक्त होने वाले टैंक नं. 705 में मई, 1987 में रिसाव आ गया था जिसकी मरम्मत की गई थी और अक्तूबर, 1987 में इसे दुबारा चालू किया गया था। पुन. जनवरी 1989 में इस टैंक की छतों के जोड़ों में दरारें दिखाई पड़ी और उसके बाद उस टैंक की सफाई/मरम्मत और रख रखाव के लिए उसका उपयोग बंद कर दिया गया है।

तेल शोधक कारखानों की स्थापना के लिए सर्वेक्षण

1495. **श्रीमती सत्या बहिन:** क्या **पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) पिछले पांच वर्षों के दौरान उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश के किन-किन क्षेत्रों में तेल शोधक कारखानों के लिए सर्वेक्षण किया गया और उनके निष्कर्ष क्या हैं; और

(ख) क्या मध्य प्रदेश के निमाड और खंडवा क्षेत्रों में भी ऐसा कोई सर्वेक्षण किया गया है, यदि हां, तो इस सम्बन्ध में हुई प्रगति का ब्यौरा क्या है?

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री ब्रह्म दत्त): (क) और (ख) मध्य प्रदेश में बीना, हर्दा-खिरकिया, रामपुरी-खरखेड़ा (खण्डवा के पास) बगसपुर (गोरेगांव) तथा उत्तर प्रदेश में इलाहाबाद के पास तेल रिफाइनरियां स्थापित करने की दृष्टि से स्थानों के संबंध में आरम्भिक सर्वेक्षण किए गए थे। इस संबंध में सरकार द्वारा कोई निर्णय नहीं किया गया है क्योंकि आठवीं योजना के गठन के लिए बनाया गया कार्यदल देश में अतिरिक्त शोधन क्षमता के सृजन के बारे में भी उपयुक्त सिफारिशें करेगा। इस कार्य दल की सिफारिशों के आधार पर उपयुक्त स्थान के बारे में निर्णय लेने के लिए आगे विस्तृत सर्वेक्षण करने की आवश्यकता होगी।

उत्तर प्रदेश में एल० पी० जी० की सप्लाई

1496. **श्री सत्य प्रकाश मालवीय:** क्या **पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि: